तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026



5 भाजपा नेताओं ने केंद्रीय बजट 2026-27 को बताया 'विकसित ...





6 शैलदेवी महाविद्यालय में 3 दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी






## खबर संक्षेप

### दो पक्षों में गाली-गलौज व मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** पैसे के लेन देन की बात को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट हो गई। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। राम रमतरा निवासी भीखम साहू ने पुलिस को बताया कि 28 जनवरी को रात्रि में गांव का नीलकंठ साहू अपने नया घर के सामने मुझे आवाज देकर बुलाया तब मैं उसके पास गया, तभी उसका लड़का चुम्मन साहू द्वारा पुराने पैसे के लेने देन की बात को लेकर शराब के नशे में मेरे गले को पकड़कर मेरे पैसा को कब दोगे कहकर गाली गलौच कर धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया है तथा नीलकंठ साहू भी मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया है, मारपीट करने से मुझे गला एवं बांये गाल में चोट आया है।

### वाहन की ठोकर से बुजुर्ग घायल

**बालोद।** टीव्हीएस चालक बुजुर्ग को स्कार्पियो ने ठोकर मार दी। जिससे टीव्हीएस चालक बुजुर्ग की गंभीर चोट लगने से मृत्यु हो गई, जिसके बाद बेटे द्वारा स्कार्पियो चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 106(1), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम साल्हे थाना डौंडी निवासी ग्राम पंचायत सुरडोंगर में सचिव मंगल सिंह कोसमा 42 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 29 जनवरी को मेरे पिताजी अपने मोटर सायकल टीव्हीएस क्रमांक सीजी 24 आर 1419 को ग्राम कुंजकन्हार माता पहूंचानी के काम से गया था, 30 जनवरी को मुझे फोन से सूचना प्राप्त हुआ कि मेरे पिताजी शंभू सिंह कोसम जो अपने टीव्हीएस मोटर सायकल से घर साल्हे आ रहे थे, इसी दौरान कुंभकरण नुरूटी के घर के सामने मेन रोड ग्राम दिघवाडी के पास दोपहर में स्कार्पियो क्रमांक सीजी 24 डब्ल्यू 9363 के चालक ने सामने से आकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे पिताजी के सिर, सीना व दोनो पैर में गंभीर चोट आने पर मृत्यु हो गया।

### युवक ने बुजुर्ग से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** ट्रैक्टर के जाने के लिए जगह नही देने पर युवक ने बुजुर्ग की पिटाई कर दी। जिसके बाद बुजुर्ग ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पेन्ड्री निवासी देवधर ने पुलिस को बताया कि मेरे गांव से ग्राम फागुनदाह करीब 1 किलोमीटर है, जहां फागुनदाह के सरहद में मेरा पैत्रृक खेत है, जिसे चारो तरफ से फेसिंग तार से घेरा किया हूं। 27 जनवरी के दोपहर 12 बजे के करीब मैं, मेरे बेटे बहु सभी मिलकर सब्जी बाडी का काम कर रहे थे, तभी मेरे भतीजा राजू निषाद आकर फेसिंग पोल को उखाड रहा था, जिसे देखकर मै मना किया गया, तो मुझे बोला कि ट्रेक्टर को ले जाने के लिए जगह दो, मैं बोला अपने जमीन के तरफ से ट्रेक्टर को जाने के लिए रास्ता नही दुंगा जिससे राजू निषाद गुस्सा में आकर मेरा गला गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, मारपीट करते देखकर मेरे लडका व तीनो बहूएं आकर बीच बचाव कर झगडा को छुडाये, मारपीट करने से मेरे दाहिने व बाएं दोनो पैर, पीठ में चोट आया है।

### पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** पुरानी रंजिश के चलते दो लोगो ने एक युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम खुंटेरी निवासी भेषु राम ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 28 जनवरी को शाम करीब 06 बजे मैं अपने मित्र ▶▶|शेष पेज 04 पर



# दशकों बाद भी विकास की राह ताक रहा वनांचल ग्राम मुल्ले उबड़-खाबड़ सड़क पर चलने को मजबूर तीन गांवों के ग्रामीण

## पक्की सड़क का कर रहे हैं इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कई वर्षो से विकास की बाट जो रहे वनांचल क्षेत्र के ग्राम मुल्ले के ग्रामीणों को एक पक्की सड़क नसीब नही हो रही है, जिसके कारण से पथरीली व उबड़ खाबड़ सड़को से होकर ग्रामीण आवागमन करने को मजबूर है।

वही यह मार्ग निर्माण नही होने के कारण तीन ग्राम के ग्रामीणो व बच्चो को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। तांदुला डुबान क्षेत्र के किनारे बसे वनांचल ग्राम मुल्ले के ग्रामीण कई वर्षो से सड़क की मांग करते आ रहे है, लेकिन सरकार बदल बदलती रही लेकिन ग्राम के सड़क की किस्मत नही बदली, वर्तमान में भी ग्रामीणो को खतरो के मध्य पथरीली व उबड़ खाबड़ सड़को से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणो को दैनिक दिनचर्या के सामानो के खरीदी बिक्री से लेकर शिक्षा, काम काज व रोजी मजदूरी के लिए ग्राम से बाहर अन्य जगहो में जाना पड़ता है, लेकिन इसके लिए ग्रामीणो को 4 किलोमीटर दूरी वाले इस कच्चे सड़क का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणो ने बताया इस मार्ग से तीन ग्राम मुल्ले, मालगांव, मड़वापथरा के ग्रामीण व बच्चे अपने कार्यो से आवागमन के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते है। जहां ग्राम के बच्चो को हाई स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा के लिए ग्राम से बाहर जाना पड़ता है, लेकिन इसके लिए छात्रे की उंची उड़ान में कच्ची सड़क बड़ी बाधा बनकर सामने आती है, जिसमे सायकल व दोपहिया के साथ अन्य वाहनो को चलाने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। जहां सड़को मे निकले बड़े बड़े बोल्डरो मे सायकल चलाकर शिक्षा, ग्रहण करने के लिए जाते विद्यार्थीयो के गिरकर घायल हो जाने की घटनाएं आम सी हो गई है। वही दोपहिया वाहन चालक भी उबड़ खाबड़ सड़को के कारण गिरकर ▶▶|शेष पेज 04 पर

## प्रतिक्रिया : भाजपा नेताओं ने किया केंद्रीय बजट के भाषण का सामूहिक श्रवण

# विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने वाला ऐतिहासिक बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भाजपा नेताओ ने जिला मुख्यालय के कला केन्द्र में बालोद मंडल और जुंगेरा मंडल के संयुक्त रूप से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026–27 के भाषण का श्रवण किया। भाजपा नेताओं ने कहा यह ऐतिहासिक बजट कर्तव्य भवन में तैयार किया गया पहला बजट है, जो विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करता है।

प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने बजट को जन–आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला, विकासोन्मुख और जनकल्याणकारी बताते हुए कहा कि यह बजट सार्वजनिक निवेश, सु–ढ़ वित्तीय प्रबंधन, कृषि एवं ग्रामीण सशक्तिकरण, उद्योग विस्तार और रोजगार सृजन को गति देगा

मेडिकल कॉरपोरेशन प्रदेश अध्यक्ष दीपक मास्क ने बजट को विकसित भारत की आधारशिला बताते हुए कहा कि इससे आधारभूत संरचना मजबूत होगी और विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक समान रूप से पहुँचेगा। उन्होंने कहा यह बजट छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने की दिशा में सशक्त कदम है। नदियों में जल मार्ग को सुगम यातायात के रूप में उपयोग कर ट्रांसपोर्टिंग में होने वाले व्यय को कम कर महंगाई पर लगाम लगाने की योजना महत्वपूर्ण साबित होगा।

जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने बजट को अवसरों का राजमार्ग बताते हुए कहा कि भारत केवल तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर संतुष्ट नहीं है, बल्कि विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में रिफॉर्म्स को नई गति दी गई है और सनराइज सेक्टर, रेयर अर्थ कॉरिडोर, क्रिटिकल मिनरल्स, हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, हाई–स्पीड रेल और डेटा सेंटर हब जैसे क्षेत्रें पर विशेष बल दिया गया है।

प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृष्णकांत पवार ने इसे युवा शक्ति बजट बताते हुए कहा कि ऑरेंज इकोनॉमी, पर्यटन, खेलो इंडिया मिशन और स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी जिला उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉक्टर मोना टुवानी ने कहा की महिलाओं के स्व–सहायता समूहों को सशक्त बनाने, हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल निर्माण तथा डेयरी एवं कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन देने जैसे प्रावधान समाज के व्यापक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट स्किल, स्केल और सस्टेनेबिलिटी को मजबूत करने के साथ ही फिस्कल डेफिसिट कम करने और हाई कैपेक्स के माध्यम से उच्च विकास दर सुनिश्चित करने वाला संतुलित बजट है।

पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा लिथियम आयरन बैटरी सहित 12 महत्वपूर्ण खनिजों पर सीमा शुल्क समाप्त किए जाने से ईवी और इलेक्ट्रॉनिक्स सस्ते होंगे। राज्यों को बुनियादी ढांचे के विकास हेतु 1.5 लाख करोड़ रुपये का 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त ऋण जारी रखना भी दूरगामी निर्णय है।

पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा केंद्रीय बजट 2026–27 समावेशी विकास सुनिश्चित करते हुए छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाएगा।

### इस बजट ने हर वर्ग को किया निराश: ताम्रध्वज साहू

**अंडा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह



बजट देश की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में न तो कोई नई सोच दिखाई देती है और न ही आम लोगों की समस्याओं का कोई ठोस समाधान प्रस्तुत किया गया है। सरकार ने पुराने प्रावधानों को नए शब्दों में प्रस्तुत कर केवल आंकड़ों की बाजीगरी की है। श्री साहू ने कहा कि यह बजट महज जुमलेबाज़ी का दस्तावेज़ बनकर रह गया है। बेरोज़गारी, महंगाई, किसानों की आय, मध्यम वर्ग को राहत, युवाओं के रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा और गरीब वर्ग के जीवन स्तर में सुधार जैसे बुनियादी मुद्दों पर सरकार कोई ठोस घोषणा करने में असफल रही है। इस बजट ने समाज के हर वर्ग, किसान, कर्मचारी, व्यापारी, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग सभी को निराश किया है। विशेष रूप से मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग के हाथ इस बजट में लगभग खाली ही रहे हैं। उन्होंने कहा कि बजट की प्रक्रिया में औपचारिकताओं, तकनीकी प्रबंधन, योजनाओं ▶▶|शेष पेज 12 पर

## केंद्रीय बजट 2026 आम आदमी की आकांक्षाओं का बजट: वीरेंद्र साहू

- मध्यम वर्ग को टैक्स में बड़ी राहत, 12 लाख तक आय कर मुक्त
- अर्बन चैलेंज फंड से शहरों के विकास को मिलेगी नई गति

**बालोद/सिकोसा।** केंद्रीय बजट 2026 आम आदमी की आकांक्षाओं का बजट, मध्यम वर्ग को टैक्स से बड़ी राहत और अर्बन चैलेंज फंड से संवरेगा उक्त बाते पुर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने कही। पुर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026–27 का ऐतिहासिक बताया। उन्होंने इसे आम आदमी की आकांक्षाओं का बजट करार देते हुए कहा कि भारतीय इतिहास में पहली बार रविवार के दिन बजट पेश कर सरकार ने देश के प्रति अपनी अटूट



प्रतिबद्धता दिखाई है। पुर्व विधायक विरेन्द्र साहु हर्ष व्यक्त हुए बताया कि नई टैक्स रिजीम के तहत अब 12 लाख तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इसके साथ ही वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन को 75,000 से बढ़ाकर 1 लाख कर दिया गया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टैक्स छूट की सीमा बढ़ाकर 1 लाख कर दी गई है। किराए पर टीडीएस की सीमा को 2.4 लाख से बढ़ाकर 6 लाख कर बड़ी राहत दी गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि लिथियम बैटरी और कोबाल्ट पाउडर पर ड्यूटी घटने से इले्ट्रिरक वाहन और मोबाइल सस्ते होंगे, जो आम जनता की जेब पर बोझ कम करेंगे। प्रमोद जैन ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार ने जनता की आकांक्षाओं को सर्वोपरि रखा है। 36 जीवन रक्षक दवाओं को सीमा शुल्क से मुक्त कर दिया गया है, जिससे कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों का इलाज अब सस्ता होगा। शिक्षा के क्षेत्र में अगले 5 वर्षों में मेडिकल की 75,000 नई सीटें जोड़ने का लक्ष्य और स्कूलों में 50,000 नई अटल टिंकरिंग लैब का खुलना हमारे नगर के बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाएगा।

# शादी का झांसा देकर 2.29 लाख की ठगी आरोपी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- पिता की बीमारी का दिया झांसा और रुपए ऐंठे

शादी करने का झासा देकर एक व्यक्ति ने महिला से 2,29,450 रूपये ऑनलाईन माध्यम से वसूल लिए, जिसके बाद व्यक्ति ने अपने फोन बंद कर। जिसके बाद पीड़ित महिला ने नामजद रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 420 आईपीसी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्राथमिक शाला गुंडरदेही में पदस्थ महिला सहायक शिक्षक ने पुलिस को बताया कि मैं जीवनसाथी एप के द्वारा सिद्धार्थ आडवाणी के नाम से एक मैरिज रिक्वेस्ट एक्सेप्ट किया, उसने एक हफ्ते तक मुझसे व मेरे माता पिता से अच्छे संबंध रखें, पीड़ित शिक्षिका ने बताया कि इस दौरान उसने मुझसे कहा कि मेरे पापा को हार्ट अटैक आया है उन्हें रायपुर से मुंबई शिफ्ट करना पड़ रहा है, उसने मेरे माता–पिता के साथ अच्छे संबंध रखे थे, मुझसे भी अच्छे से बात करता था। उसने मुझे फिर पैसों की मदद मांगी। मैंने उसकी बातों को सच मानते हुए धीरे–धीरे 2,29,450 रुपये उसे दे दिए, वह मुझे और मेरी घर वालों से मिलने का वादा किया, दिन भर बात किया परंतु अचानक उसने मेरे और मेरे घर वालों का किसी का कॉल नहीं उठाया और ना ही मिलने आया तो मुझे उसे पर शक हुआ कि वह मेरे साथ व घर वालों के साथ धोखा किया है।

### सुने मकान में सोने चांदी सहित नकदी की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** घर में ताला लगाकर खेत गए व्यक्ति के यहां अज्ञात चोरो ने दिनदहाड़े सोने, चांदी सहित नगदी चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम रमतरा निवासी अलख राम साहू ने पुलिस को बताया कि सुबह 11 बजे घर में ताला लगाकर मै अपनी पत्नी के साथ खेत में काम करने गये थे, शाम करीबन 05 बजे खेत से वापस आये, सामने दरवाजा के ताला को खोलकर अंदर गये तो देखे कमरा का दरवाजा एवं ताला खुला था, अंदर जाकर रखे सामान को चेक किया तो पलंग के तकिया के अंदर रखे 01 जोडी सोने का खिनवा 01 तोला, 01 नग सोने का चौन आधा तोला, 02 नग सोने का नेकलेश जिसमें सोने का 07–07 पत्ती लगा हुआ, 01 नग चांदी का करधन 43 तोला का, 01 जोडी चांदी का पायल 25 तोला का, 01 जोडी चांदी का पिन डेढ तोला का, रखे स्थान पर नही मिला। कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा 27 जनवरी के समय 11 बजे से शाम करीबन 05 बजे के मध्य घर अंदर प्रवेश कर चोरी कर ले गया है।

### मोटर सायकिल की ठोकर से युवक घायल

**बालोद।** मोटर साइकिल को सामने से आ रही मोटर साइकिल ने ठोकर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद युवक के भाई ने आरोपी मोटर साइकिल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम तारएँ निवासी विक्की पटेल ने पुलिस को बताया कि 6 जनवरी मेरा छोटा भाई बसंत पटेल ग्राम बोहारडीह पंचायत के सामने एनएच 930 मार्ग में मोटर सायकल सीजी 05 एएस 8054 के चालक ने मोटर सायकल को तेज रफ्तार, खतरनांक ढंग से लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे छोटे भाई बसन्त कुमार पटेल के मोटर साइकिल सीजी 24 टी 5737 को ठोंकर मार दिया। जिसे 108 के माध्यम से ईलाज हेतु शासकीय अस्पताल गुरूर ले गये, बसन्त पटेल के सिना, कमर में चोंट लगा था, ईलाज के बाद रिफर कर दिये, जिसे ईलाज हेतु शासकीय अस्पताल धमतरी ले गये, वहाँ से रिफर करने पर निजी अस्पताल धमतरी ले गये ईलाज कराने के बाद 26/01/2026 को रिपोर्ट दर्ज कराने थाना आया हूं, जिससे उसका मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया है।

## भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की

# मां वृंदा देवी धाम में निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन एवं गुहा जयंती समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

मां वृंदा देवी धाम मे निषाद केवट समाज किकिरमेटा, बेल्हारी पाली वार्षिक सम्मेलन एवं गुहा जयंती समारोह का आयोजन हुआ तथा भक्तों ने शोभायात्र निकाले। निषाद भवन में सुबह भगवान श्री राम की पूजा अर्चना व कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारीगण व मातृशक्तियां बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि नारद साहू ने कहा कि भगवान राम के अनन्य भक्त निषाद केवट समाज सेवा भावी समाज है भगवान की सेवा कर इनके



पूर्वज इतिहास के पन्नों में अमर हो गए। रामायण में भगवान की जब गंगा नदी पार की प्रसंग आती है तब भगवान राम और केवट संवाद मंत्र मुग्ध कर देता है। भक्त और भगवान के बीच के संबंधों को हृदयस्पशएँ बना देता है।

इस अवसर पर सभापति प्रतिनिधि जिला पंचायत दुर्ग नारद साहू, डॉ घनश्याम निषाद, बीआर निषाद, देवकुमार निषाद, सरपंच आगेसरा रमाकांत साहू, सरपंच किकीरमेटा देवकी जेठूराम निषाद, सरपंच अकतई माधुरी नरोत्तम निषाद, नेतराम निषाद, नारायण निषाद, झल्लू निषाद, लखन निषाद, सोनप्रकाश पारकर, मोहित निषाद, मुरली निषाद, तीरथ पटेल, पूनम पटेल, चंद्रकांत सहित समस्त सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# दिल्लीवार कुर्मी समाज का वार्षिक अधिवेशन 7 व 8 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज (छ.ग.) का 56 वां वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन सर्किल जंजगिरी में 7 एवं 8 फरवरी को ग्राम - देवरी (ख), जिला-बालोद में संपन्न होगा। मुख्य अतिथि ओ.पी. चौधरी जी राजस्व एवं वित्त मंत्री, छ.ग. शासन होंगे। अध्यक्षता योगेन्द्र बेलचंदन प्रदेश समाज अध्यक्ष, दि. कू. क्षत्रिय समाज करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि टंकराम वर्मा उच्च शिक्षा मंत्री, छ.ग. शासन होंगे।

विशिष्ट अतिथिगण भोजराज नाग सांसद, कांकेर लोकसभा, विजय बघेल सांसद, दुर्ग लोकसभा, ललित चंद्राकर उपाध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग प्राधि. छ.ग. शासन, प्रीतपाल बेलचंदन अध्यक्ष, जि.सह. के. मर्या. बैंक, दुर्ग, चेमन देशमुख जिलाध्यक्ष, भा.ज.पा. जिला-बालोद, तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर अध्यक्ष, जिला पंचायत, बालोद, पुरुषोत्तम चंद्राकर अध्यक्ष, जनपद पंचायत गुण्डरदेही, बालोद होंगे। समापन पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रहेंगे उपस्थित समापन दिवस 8 फरवरी, को मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन होंगे। अध्यक्षता योगेन्द्र बेलचंदन प्रदेश समाज अध्यक्ष, दि. कू. क्षत्रिय समाज करेंगे। विशिष्ट अतिथिगण कुंवर सिंह निषाद विधायक, गुण्डरदेही रीना डोमन देशमुख जनपद सदस्य, गुण्डरदेही, देवेन्द्र कुमार देशमुख पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत, दुर्ग, कुसुम प्रमोद देशमुख सरपंच, ग्रा.पं. देवरी (ख) होंगे। अधिवेशन संयोजक ललित देशमुख महामंत्री, दि. कू. क्षत्रिय समाज हैं।

**कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम होगा शुभारंभः** प्रातः 7 से 8 बजे मैराथन दौड़, युवा समिति द्वारा प्रातः 8 बजे कलश शोभा यात्रा - ग्राम गली भ्रमण, देव पूजन, प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण, कूर्मि ध्वजगान एवं पुरुधाओं के तैलचित्र पर माल्यार्पण प्रातः होगा। ▶▶|शेष पेज 04 पर

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने किया बागवानी की सफाई

**अर्जुनी।** बैगलेस डे के मौके पर शनिवार को प्राथमिक शाला सुखरी की कक्षा पांचवीं के छात्र छात्राओं ने प्रधान पाठक सपना भारद्वाज के निर्देशन में बागवानी की सफाई किया। बच्चों ने खरपतवार साफ करते हुए सिंचाई और पानी निकासी का भी प्रबंध किया।

### बुन्देली में मना रजत महोत्सव

**सड़क अतरिया।** विद्युत विभाग बुंदेली द्वारा शनिवार को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्युत विभाग द्वारा भव्य छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग की उपलब्धियों, विद्युत उत्पादन, वितरण एवं उपभोक्ता सेवाओं में हुए नवाचारों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को सस्ती, सतत एवं विश्वसनीय विद्युत सेवाओं के प्रति जागरूक करना तथा राज्य के विकास में विद्युत विभाग की भूमिका को रेखांकित करना रहा। महोत्सव के दौरान प्रदर्शनी, जनजागरूकता कार्यक्रम, एवं विभागीय सम्मान समारोह आयोजित किए गए, जिनमें पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, सहित जनप्रतिनिधि,अधिकारी, कर्मचारी एवं आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।



### रविदास जयंती समारोह 8 को

**पटेवा।** पटेवा में आगामी 8 फरवरी को मेहर समाज के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल होंगी। अध्यक्षता ध्रुवकुमार मिर्जा चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष करेंगे। कार्यक्रम में खेमराज बाकरे केन्द्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मेहर समाज, किरण विनोद बारले शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि तुलसी साहू, लक्ष्मी वर्मा, नरेंद्र वर्मा, ललित साहू, विरेन्द्र हिरवानी, नीलकंठ साहू, पुसऊलाल वर्मा, मिथलेश साहू, छन्नू कन्नोजे होंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे कलश यात्रा से प्रारंभ होगा। दोपहर 2 बजे मूर्ति स्थापना एवं पूजा अर्चना होगी। रात्रि 8 बजे से जय मां दुर्गा बाल झांकी परिवार पाबंदी धमधा का कार्यक्रम रखा गया है।



### जैन को मिली एलएलबी की डिग्री



**खड़गांव।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर में गत दिनों आयोजित चतुर्थ दीक्षांत समारोह में हरिभूमि के संवाददाता विजय कुमार जैन को एलएलबी की डिग्री से नवाजा गया। श्री जैन ने एलएलबी की पढ़ाई पूरी करने के बाद आल इंडिया बार काउन्सिल परीक्षा क्वालीफाई कर लिया है। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर में 30 जनवरी को आयोजित दीक्षांत समारोह आयोजित में राज्यपाल रमेन डेका ले डिग्री प्रदान की।

### महायज्ञ में पूर्णाहुति देने उमड़े श्रद्धालु

**खुज्जी।** ब्रम्हचारी आश्रम में आयोजित पांच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन 1 फरवरी को पूर्णाहुति, गो-पूजन, विसर्जन एवं शोभायात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने उपस्थिति दर्ज कराया। संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के संरक्षण में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रामचरितमानस महोत्सव अंतर्गत मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से जनमानस को भक्ति रस में सराबोर किया। महायज्ञ के दौरान सांसद संतोष पांडे ने आश्रम पहुँचकर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सहित अन्य स्थलों के दर्शन किए। समापन अवसर पर संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी ने महायज्ञ में शामिल समस्त श्रद्धालुओं तथा इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।



### उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा

**बांधाबाजार।** रजत जयंती महोत्सव के तहत विद्युत विभाग ने ग्राम में कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन में जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य नेहरू रजक, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरुण यादव, जिपं सदस्य शेश्वरी धुर्वे, संदीप मेश्राम, विनीत शर्मा, संतोष शुक्ला, गोपाल खंडेलवाल, सागर गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, सुनीता विश्वकर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम में 25 वर्षों की उपलब्धियों को स्मरण करते हुए विकास कार्यों एवं जनसेवा में विभाग की भूमिका पर चर्चा की गई।




### प्रीति और किरण बनी महिला मोर्चा की महामंत्री

**गंडई पंडरिया।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष उमा चौबे ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी एवं जिला अध्यक्ष डॉ. विशेषर साहू की अनुशंसा पर की गई। नई कार्यकारिणी में कांता यादव, डॉ. राजेश्री त्रिपाठी, पुष्पा वर्मा, ममता राजपूत, ज्योति पटेल एवं अनुभा जैन को उपाध्यक्ष बनाया गया है। महामंत्री की जिम्मेदारी अधिवक्ता प्रीति यादव, किरण गुप्ता को मिली है। सोनिया दुबे को कोषाध्यक्ष तथा वंदना टांडेकर को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मंत्री का दायित्व ललिता साहू, रेखा देवदास, शकुन पटेल एवं अमेरिका यादव को सौंपा गया है। नीलम सिंह राजपूत सोशल मीडिया प्रभारी होंगी। श्रीमती उमा चौबे ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया है।



### जस गायन और झांकी छह से

**चिचोला।** रंगीटोला में मां शीतला सेवा युवा भजन मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आगामी 7 एवं 8 फरवरी को देवी जस गायन एवं झांकी महोत्सव का आयोजन रखा गया है। आगामी 6 फरवरी को कलश यात्रा शीतला मंदिर प्रांगण से निकाला जाएगा। शुभारंभ संध्या 7 बजे से होगा।

### जिले में अब तक दो सौ अस्सी से अधिक स्थानों में कार्यक्रम संपन्न

# माता-पिता के छलके आंसू, मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री योग वेदांत सेवा समिति एवं पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी नगर के तत्वावधान में लालबाग स्थित सिंधु भवन में सुंदर तरीके से मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम किया गया। माता-पिता को ऊँचे आसान में बिठाकर उनकी पूजा-अर्चना किया गया, फिर आरती की थाली लेकर माता-पिता की आरती किया गया। यह भावविभोर दृश्य देख माता-पिता के साथ बच्चों के आंखों से आंसू बहने लगे।

इस सुंदर आयोजन में पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालाणी नगर के अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी, पूर्व पार्षद गुरुमुखदास वाधवा, लोकचंद लहरवानी, आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी, प्रकाश वाधवानी, लक्ष्मीचंद आहूजा सहित गणमान्य लोग शामिल हुए।

श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि वर्ष 2006 में संत आशाराम बापू ने 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने की पहल की, जो आज भारत सहित 200 देशों में इस दिवस को मना रहे हैं। यह अभियान एक व्यापक रूप ले लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी इस पर्व की सराहना करते प्रतिवर्ष इसे मनाने की घोषणा की है।



#### लोगों की रही उपस्थिति

इस आयोजन में मुख्य रूप से रमेश भोजवानी, हरीश कटियारा, टहलूराम साहू, हेमंत देशमुख, महिला उत्थान मंडल की अध्यक्ष एरिना चंद्रवंशी, शिखा डेमबानी, प्रियल डेमबानी, नीतू लहरवानी, रानी कटियारा, सुषमा भोजवानी, भूमि गिड़लानी, जया जयसिंघानी, कोमल ललवानी, सरिता भोजवानी, रेशमा कटियारा, भाविका चिचेरिया, ममता बजाज, रेखा बहन आदि का विशेष सहयोग रहा।

#### माता-पिता का आशीर्वाद सच्ची सफलता: मोटलानी

कार्यक्रम में सम्मिलित पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूलाल मोटलानी ने कहा कि हर माता-पिता का सपना होता है कि उनके बच्चे उनका आदर करें और जीवन में सफल होकर नाम रोशन करें। आज के समय में मातृ-पितृ पूजन जैसे कार्यक्रम बच्चों को पतन से उत्थान की ओर ले जा रहा है। बच्चों का भविष्य उज्ज्वल तो हो ही रहा है। साथ ही माता-पिता का हृदय भी बच्चों के लिए अपार आशीर्वाद से भरा होता है। माता-पिता के आशीर्वाद से ही सच्ची सफलता मिलती है।

#### बच्चों ने की पूजा-अर्चना

बाल संस्कार विभाग व युवा सेवा संघ के प्रमुख संजय साहू ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आज के सुंदर आयोजन में बच्चों ने माता-पिता को आसन पर बिठाकर फूल-मालाएं पहनाई, तिलक किया और हाथों में पूजा की थाली लेकर पूजा-अर्चना की, फिर माता-पिता ने बच्चों को हृदय से लगा लिया और शुभ आशीष दी। विधिवत हुए इस पूजन कार्यक्रम की उपस्थित लोगों के हृदय से स्वीकारा की, ऐसे दिन को बड़े भव्यता के साथ सभी को करना चाहिए। दो सौ से अधिक स्थानों पर आयोजन के श्री साहू ने बताया कि राजनांदगांव जोन में अब तक दो सौ अस्सी से अधिक स्थानों में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम सम्पन्न किया जा चुका है तथा 14 फरवरी तक 500 स्थानों तक करने का लक्ष्य है।

## धर्मनगरी में भागवत कथा का आयोजन 9 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर के निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन आगामी 9 से 15 फरवरी तक होगा। इस दौरान भागवत महात्म्य, प्रह्लाद चरित्र, ध्रुव चरित्र, शिवसती प्रसंग, कृष्ण लीला, गोवर्धन पूजा, होली उत्सव, कंस वध, रुख्मणी विवाह सहित अनेक प्रसंगों का भावपूर्ण वाचन किया जाएगा। अंत दिन सुदामा चरित्र, व्यास पूजा एवं महाआरती होगी। इसी क्रम में 13 फरवरी को वैदिक विधि-विधान से अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास एवं शयनाधिवास संपन्न होगा। आगामी 15 फरवरी को रुद्राभिषेक, शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन-पूजन किया जाएगा। यह आयोजन युवा समिति डिपरा पारा एवं महिला समिति वार्ड 23 के संयुक्त तत्वावधान में रखा गया है।

### योजनाओं की दी जानकारी

**डोंगरगढ़।** विद्युत वितरण केंद्र मुसराकला के तत्वावधान में 30 जनवरी को कुसमी रजत जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य जनपद सभापति सीमा ओम साहू थी। कार्यक्रम में सरपंच तीरथ पटेल, गायत्री टेम्बुरकर, सहायक अभियंता लाखनसिंह ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता कमलेश सोनवानी, अश्वनी पैकरा, ओमप्रकाश लिल्हारे, ओंमकार लिल्हारे, बजरंग साहू, लाइनमेन ईश्वरी वर्मा, घनश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में विभागीय योजना के बारे में जानकारी दी गई। वीडियो क्लिप के माध्यम से पीएम सूर्य घर योजना के बारे में बताया गया। नियमिति भुगतान करने वाले श्रेणीवार 5-5 उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




## रजत जयंती कार्यक्रम में उपभोक्ताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने छिरपानी प्रागंण में रजत जयंती वर्ष कार्यक्रम की शुरूवात की। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ शहर के हर घर तक पहुँचना उनका लक्ष्य है। इस योजना के माध्यम से शहर में निवासरत परिवारों को उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनाकर उनके अतिरिक्त आय के संसाधन मुहैय्या कराने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग ने पिछले 25 वर्षों मे अनवरत विकास एवं जन सुविधाओं का विस्तार किया है जिससे सामान्य नागरिको के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया हैं।

#### उपलब्धियों की सराहना

अतिथियों ने पीएम सूर्य घर, बीपीएल कनेक्शनधारी, महिला उपभोक्ता, कृषक एवं जीवन ज्योति योजना के उपभोक्ताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता प्रीतम जैकब, सीमा ढ़ील मौजूद थे। अध्यक्षता कर रहे मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि मंदिर परिसर को पीएम सूर्य घर से जगमगाने का प्रस्ताव रखेंगे। कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने विभागीय योजनाओं से अवगत कराया।

## धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग

**डोंगरगढ़।** आजाद चौक गोल बाजार में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाया। कार्यक्रम के बाद हाईस्कूल चौक में मनरेगा का नाम बदलने एवं धान खरीदी की तिथि को बढाने की माँग को लेकर सांकेतिक चक्का जाम विधायक हर्षिता स्वामी बघेल की उपस्थिति में किया गया। आभार प्रदर्शन हरीश भंडारी ने किया। इस दौरान विष्णु लोधी, संध्या देशपांडे, नलिनी मेश्राम, ललित साकरे, रितु निर्मलकर, बिंदाबाई, निशा निर्मलकर, ममता शिंदे, रेखा खोब्रागढ़े, सारिका, प्रदीप शर्मा, रिम्मी भाटिया, अनिल मेश्राम, जितेंद्र भाटिया, रामजी तराने, बबलू शांडिल, संदीप सिंह गहरवाल, संजय यादव, जकतारण, पप्पू इंदुलकर, नरेश करसे, ऋषि शर्मा, गणेश प्रसाद, तरुण फुले, भाऊ दास मेश्राम, रितेश रामटेक, दशरथसिंह, डॉ. दिलीप नसीने, रजत देशपांडे, निर्मल जैन, दशरत सोनी, संजू गुप्ता, रवि तिवारी, सूरज साहू, मनोज साहू, रवि बगमारे, के विनायक राव, अक्षय चौरड़िया, मो सिराज, बिंदेश सिन्हा, जहीर खान, सूरज अम्बादे, प्रशांत कांडे, केशव तांडी, अमन उजवने, एडविन हैदर आदि मौजूद थे।



## बैठक में सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय

**डोंगरगढ़।** तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर की बैठक गत दिनों अध्यक्ष गिरवर साहू के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष गिरवर साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमे अंतिम गाँव तक पहुंच कर समाज की नियमावली से सामाजिकजनों को अवगत कराने, समाज मे फैल रही कुरीति को दूर करने जागरूकता अभियान चलाना होगा। इस अभियान के माध्यम से हमे बच्चों को भी जोड़ने का अवसर मिलेगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान कोमल साहू, रोहित साहू, नागराज साहू, राजेश साहू, अश्वनी साहू, कमलेश साहू, राजेन्द्र साहू, मीणा साहू, मदनगोपाल साहू, उभेराम साहू, मिनेश साहू, महेतरु साहू, रामखिलावन साहू, रोहित साहू, फागुराम साहू, कैलाश साहू आदि उपस्थित थे। संचालन तहसील साहू संघ के सचिव रामाधीन साहू ने किया।



## वार्षिकोत्सव में प्रतिभाशली बच्चे सम्मानित

### बच्चों को मिली सराहना



हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

स्थानीय विद्याश्री विजडम स्कूल का वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को सुसज्जित तरीके से सजाया गया था।

मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी हेमलता दास, अति विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विजय जैन, विशेष अतिथि सरपंच हेमचंद्र कृषाणे, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बालचंद कुरैटी, तोमन साहू, शिक्षक श्री ठाकुर थे।समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत से हुई। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, नाटक एवं कविता पाठ शामिल थे।

नशा नाश की जड़ है का संदेश देते हुए नाटय मंचन किया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। छत्तीसगढ़ की परंपरा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया।

अतिथियों ने स्कूल प्रबंधन और छात्र छात्राओं की जमकर तारीफ की। उक्त मौके पर प्रधानाचार्य ने संबोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है और ऐसे कार्यक्रम शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कृति को मजबूत करते हैं। स्कूल प्रबंधन ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

### बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

**टेडेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती, ओम, माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। मुख्य अतिथि सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल थे। अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की। विशिष्ट अतिथि रोहित चंद्राकर, गंगादास वैष्णव, तिलक सिन्हा, निमेश अग्रवाल, आरपी द्विवेदी, अनिल साहू, खिलेश्वर साहू, वेदना देशमुख, संध्या पाण्डेय, सिया सैनी, जमुना साहू, रामविलास साहू, चुनेश्वर साहू, चंदू साहू, मनहरण साहू, बल्देव साहू, पूनमचंद साहू, नूतन यादव, देवेंद्र नंदेश्वर थे। इस मौके पर कक्षा अरुण से अष्टम तक के प्रथम, द्वितीय आने भैया बहनों को सम्मानित किया गया। संकुल, जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मोनिता साहू, मेनका निषाद, तिरंजा बिसेन, प्रेमा गंजीर, रूपा साहू, तिलोका यादव, योगेश्वरी वर्मा, चाकेश्वरी साहू, हिना यादव, भावना यादव मौजूद थी। संचालन अमित साहू, टामिन साहू, आभा सेन ने किया। यह जानकारी प्रधानाचार्य धनीराम यादव ने दी।

## एक जोड़े का हुआ आदर्श विवाह

**डोंगरगांव।** निषाद समाज परिक्षेत्र सांकरदाहरा, खुज्जी एवं पंचगईहा चारभाठा कुल्हाडी.के तत्वावधान में श्री राम भक्त गुहाराज निषाद जयंती गत दिनों श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह आयोजन श्री राम-जानकी मंदिर धनगांव प्रांगण में किया गया। इस मौके पर सौ का. सीमा सुपुत्री सेतलाल निषाद निवासी मोखली का चि. नोयल सुपुत्र बलराम निषाद निवासी चां का आदर्श विवाह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव थी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिहा निषाद ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने कहा कि ऐसा कोई समाज नहीं है जिसे भगवान राम जी के चरणों को छूने का अवसर मिला हो लेकिन निषाद समाज के गुहाराज निषाद को यह अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि भगवान राम सबको भवसागर से पार कराते है लेकिन गुहाराज निषाद ने भगवान श्रीराम के चरणों को धोकर नाव से गंगा पार कराया।ॉ

## मेधावी बच्चे सम्मानित



■ अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला

अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ टटेंगा ने कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिभावान छात्र एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी, प्रबुद्ध नागरिक का सम्मान किया। गत दिनों इस कार्यक्रम में पांचवी में प्रथम रितिका साहू, द्वितीय काव्या साहू, आठवीं में प्रथम मौली साहू, द्वितीय लौनिका सुधाकर, दसवीं में प्रथम सुषमा सुधाकर, द्वितीय लीना सुधाकर, बारहवीं मे प्रथम टिकेश्वर सुधाकर, द्वितीय पंकज यादव, सेवानिवृत्त देवेन्द्र रामटेके का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बोधन साहू ने की। कार्यक्रम में उत्तमचंद साहू, गेंदालाल देवांगन, पुरुषोत्तम उर्वशा, चंद्रशेखर उर्वशा, नेतराम सुधाकर, पोषण उर्वशा, देवी सुधाकर, बुधरु यादव, हेमंत करायत, विरेन्द्र यादव, सुखनंदन सिन्हा, पुरन देवांगन, गेंदलाल साहू, दुर्जन साहू, ईश्वर बघेल, चन्द्रकुमर कोरटिया, ईगमन सुधारक, अशोक सुधाकर, ज्ञानेन्द्र सुधाकर, जीतू करसेल, आंसू सोनपिपरे आदि शामिल हुए।

## पेज 3 के शेष

### दशकों बाद भी विकास की ....

घायल होने की घटना हो चुकी है। जहां गर्मी में इस सड़क में धूल की गुबार उड़ता है तथा बरसात में इस मार्ग में कीचड़ व गड्ढो में पानी भरने के कारण वाहन चालको के साथ साइकिल चालको को दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणो ने बताया कि शासन प्रशासन के द्वारा लगाए जाने वाले समाधान शिविर में इस समस्या के निदान के लिए लगातार गुहार लगाते आ रहे है, लेकिन शिविरो में उपस्थित अधिकारियो व कर्मचारियो द्वारा शिकायत के समाधान करने के बजाए आश्वाशन प्रदान कर दिया जाता है। ग्रामीणो ने बताया कि भूपेश बघेल के पूर्व सरकार में इस मार्ग के लिए पैसा स्वीकृत हुआ था, लेकिन नए सरकार आ जाने के बाद उसे निरस्त कर दिया गया तथा आज तक इस सड़क के निर्माण के संबंध में कोई राशि स्वीकृत नही हुआ है।

### पुरानी रंजिश में युवक से ....

दीपक ठाकुर, वासुदेव साहू एवं पंकज निषाद के साथ गुण्डरदेही मंडई देखने गया था, जहां रंगकठेरा के उप्पल दास मानिकपुरी तथा उसके साथी करन हम लोग के पास आये और दीपावली त्यौहार के समय लडाई झगडा एवं पुरानी रंजिश को लेकर मुझे गाली करते हुये करने हाथ मुक्का से तथा उप्पल दास मानिकपुरी के द्वारा अपने पास रखे धारदार वस्तु से मारपीट किये है, मारपीट करने से मेरे पीछे पीठ भाग, छाती के बांये भाग में चोंट आकर खून निकला है।

### इस बजट ने हर वर्ग को ...

की लंबी सूची और बड़ी-बड़ी घोषणाओं पर अधिक ज़ोर दिखाई देता है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इससे आम नागरिक को वास्तविक राहत कैसे मिलेगी। विशेष रूप से छत्तीसगढ़ राज्य की अनदेखी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस बजट में छतीसगढ़ के लिए कोई बड़ा प्रोजेक्ट, विशेष पैकेज या विकास योजना घोषित नहीं की गई, औद्योगिक, कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य होने के बावजूद छतीसगढ़ को इस बजट में कोई विशेष प्राथमिकता नहीं दी गई। श्री ताम्रध्वज साहू ने यह भी कहा कि यह सरकार घोषणाएं तो बड़े जोर-शोर से करती है, लेकिन उन्हें पूरा करना भूल जाती है। वर्ष 2015 में स्मार्ट सिटी की घोषणा की गई थी, लेकिन 2025 तक वह योजना अधूरी ही बंद कर दी गई और एक भी शहर वास्तव में स्मार्ट नहीं बन सका। अब शहरों के विकास के लिए एक नई योजना लाई गई है, पर उसमें भी यह स्पष्ट नहीं है कि उस योजना से शहरों का वास्तविक और ठोस विकास कैसे होगा।

### दिल्लीवार कुर्मी ...

रात्रि में होगी दुष्यंत प्रमुख की रंग झरोखा की प्रस्तुति रात्रि भोजन अवकाश के बाद रात्रि में दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।

## खबर संक्षेप

### जिला साहू संघ का शपथग्रहण कल

**डौंडीलोहारा।** जिला साहू संघ बालोद के नवनिर्वाचित व मनोनीत पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह 3 फरवरी दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे से रखा गया है । साथ ही भामाशाह छात्रावास भवन हेतुभूमि पूजन का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ शासन अरूण साव होंगे। जिला साहू संघ बालोद के अध्यक्ष महेंद्र साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाने अधिक से अधिक संख्या में स्वजातीय बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है। उक्त जानकारी शिवेन्द्र बहादुर साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा ने दी ।

### युवक की पिटाई की, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** युवको के बीच हो रहे विवाद को सुलझाने गए युवक की तीन लोगों ने पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 118(1), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 01 राजहरा बाबा वार्ड निवासी शेखर नागवंशी ने पुलिस को बताया कि 27 जनवरी के रात्रि अपने साथी लुजित साहू, उमेश देवांगन, कुणाल विश्वकर्मा के साथ नाच देखने राजहरा बाबा की ओर राजहरा बाबा तालाब से होते हुए जा रहा था कि रात्रि 11.30 बजे तालाब पार मे स्थित भोले बाबा मंदिर के आगे पचरी के पास पहुंचा था उसी समय वहां पहले से साहिल खान, वासू, साहिल खान का बडा भाई एवं अन्य लोग आपस मे झगडा मारपीट हो रहा था, तब हम लोग पहुंचकर उन लोगों को पुछा कि क्या हो गया भाई इतने मे तीनों मिलकर हम लोगों को तुम लोग कौन होते हो हम लोगो को समझाने वाला कहकर गाली गलौज करते हुए तीनों मिलकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, उसी समय साहिल लकडी के डंडा से मुझे मारने लगा, जिससे मेरे बाये कान, दाहिने हाथ की गदेली के उपर एवं उंगली मे चोंट आया है तथा मेरे साथी लुजित साहू के साथ भी ये तीनो मिलकर पकड लिये और उन्हे भी किसी धारदार वस्तु से उनके बाये पसली तरफ मारकर चोंट पहुंचाया है जिससे खून बह रहा था, हम दोनो को चोंट अधिक लगने के कारण स्वास्थ्य खराब होने व बोलने मे असमर्थ होने के कारण परिजनों से राय लेने के पश्चात 28 जनवरी को थाना रिपोर्ट करने आया हूं।

### धारदार हथियार लेकर घूमने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर घूमने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि सेक्टर-6 ई-मार्केट, बीएसपी अस्पताल गेट के सामने धारदार हथियार लहराकर घूम रहा था। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी सेक्टर-06 तेलगू पारा, भिलाई नगर निवासी राजकिशोर राम उर्फ बबुआ अपना नाम बताया है। तलाशी लेने पर युवक के पास से धारदार तलवार, अन्य धारदार हथियार जप्त किया।

### नशीली टेबलेट के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली दवा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सब्जी मंडी के पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट का अवैध रुप से बेच रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी नितेश यादव, खुर्शीद आलम को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान प्रतिबंधित नशीली टेबलेट अल्प्राजोलम के 13 पैकेट, कुल 195 टेबलेट जिसकी कीमत 78 हजार रुपए आंकी गई। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## निधन

### दानू राम देशलहरा



**बालोद।** ग्राम खरथुली निवासी दानू राम देशलहरा 40 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे लोकेश्वरी देशलहरा के पति थे।

---

**प्रतिक्रिया : विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया**

# भाजपा नेताओं ने केंद्रीय बजट 2026-27 को बताया 'विकसित भारत' की नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने भारत के सुनहरे और विकसित भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। दल्लीराजहरा नगर पालिका परिसर सभागार में बजट के प्रसारण को सामूहिक रूप से देखा गया, भाजपा नेताओं का कहना है कि कर्तव्य भवन में प्रस्तुत यह पहला बजट देश के समग्र विकास और प्रत्येक नागरिक के कल्याण को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। बजट में आर्थिक विकास एवं रोजगार सृजन, जनता की अपेक्षाओं की पूर्ति तथा 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को केंद्र में रखा गया है।



नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के अध्यक्ष तोरण साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों को इस बजट का सीधा और व्यापक लाभ मिलेगा।

### कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती



भाजपा नेता सौरभ लुनिया ने कहा कि बजट में किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से कृषि उत्पादकता बढ़ाने, पशुपालन एवं डेयरी उद्योग को प्रोत्साहन देने की योजनाएं सराहनीय हैं। वहीं महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के अंतर्गत स्थानीय उद्योग और हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार

ट्रांसपोर्ट व्यापारी अशोक लोहिया ने कहा कि इस बजट में युवाओं के लिए रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्टार्टअप, एमएसएमई, मैन्युफैक्चरिंग और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर पैदा होंगे। पर्यटन के विकास से स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिलेगा। साथ ही विदेश यात्रा और विदेशों में शिक्षा पहले की तुलना में सस्ती होने से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसर भी मिलेंगे।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल

नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे ने बजट को स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि बायोफार्मा सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान



किया गया है, जिससे कैंसर, डायबिटीज सहित गंभीर बीमारियों की दवाइयां सस्ती होंगी। जिला अस्पतालों के उन्नयन, हर जिले में इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेंटर की स्थापना, मानसिक स्वास्थ्य और आयुर्वेदिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के साथ-साथ मेडिकल टूरिज्म के लिए पांच क्षेत्रीय हब स्थापित किए जाएंगे, जिससे छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### महिला सशक्तिकरण को नई दिशा



प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष शीतल नायक ने कहा कि लखपति दीदी योजना के विस्तार से महिलाओं को क्रेडिट-लिंक्ड स्वरोजगार, उद्यमिता और स्थानीय बाजारों से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा हर जिले में बालिकाओं के लिए छात्रावास निर्माण की घोषणा से उनकी उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा।

### उद्योग, शिक्षा और खेल को मिलेगा प्रोत्साहन

भाजपा नेताओं ने बताया कि देश की आर्थिक मजबूती के लिए 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, 20 नए जलमार्ग, बड़े टेक्सटाइल पार्क तथा 4 राज्यों में खनिज कॉरिडोर की घोषणा की गई है। सेमीकंडक्टर मिशन के लिए 40 हजार करोड़ रुपये के निवेश से औद्योगिक विकास और रोजगार को नई गति मिलेगी। वहीं खेलो इंडिया मिशन और शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों से बच्चों और युवाओं को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

### कर सुधार से आम जनता को राहत

बजट में आयकर प्रक्रिया को सरल बनाते हुए छोटे करदाताओं को राहत दी गई है। दवाइयां, कपड़े, जूते, मोबाइल, ईवी बैटरी, सोलर उपकरण, बायोगैस-सीएनजी सहित कई रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होंगी, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' की भावना को और मजबूत करता है। यह बजट छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में समावेशी और सतत विकास सुनिश्चित करेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए इस बजट को ऐतिहासिक, विकासशील और जनकल्याणकारी बताया।

---

## केंद्रीय बजट अपार अवसरों का राजमार्ग, विकसित भारत की यात्रा को देगा नई गतिः कुसुम शर्मा

**डौडीलोहारा।** भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि  हम तेजी से बढती अर्थव्यवस्था बनकर ही संतुष्ट नहीं है। बल्कि जल्द से जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। ये बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। ये बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। भारत जिस रिफॉर्म्स पर सवार है, बजट से उसे नई गति मिलेगी। कुसुम शर्मा ने आगे कहा कि सनराइज सेक्टर को जिस मजबूती के साथ महत्व दिया है वह अहम है। रेयर अर्थ कॉरिडोर, क्रिटिकल मिनिरल्स पर बल, टैक्सटाइल, हाईटेक टूल मैनुफैक्चरिंग जैसी चीजें भविष्य और वर्तमान की जरूरतों का ध्यान रखती हैं।बजट में इंफ्रा को मजबूत करने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। हाई स्पीड रेल कॉरिडोर टियर टू और थ्री शहरों के विकास पर ध्यान ये सारे कदम विकसित भारत की यात्रा की गति को और तेज करेंगे। किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी नागरिक हैं। हमने इस पर निवेश किया है। हमारा प्रयास स्किल, स्केल और सस्टेनिबिलिटी को मजबूत करने पर रहा है। कुसुम शर्मा ने आगे कहा कि यह युवा शक्ति बजट है। ऑरेंज इकोनॉमी, पर्यटन और खेलो इंडिया मिशन के जरिए युवाओं के लिए नए अवसरों द्वार खुलेंगे। भारत को दुनिया का डेटा सेंटर हब बनाने टैक्स में बड़ी छूट दी गई है। इस बजट से एम्प्लॉयमेंट जनरेशन को बढ़ावा मिलेगा। हमारे देश में 10 करोड़ से ज्यादा महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं। महिलाओं द्वारा निर्मित संचालित ग्रुप का सिस्टम बने इसका ध्यान बजट में रखा गया है। कोशिश है हर घर लक्ष्मी पहुंचे। हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाए जाएंगे। मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा कहा है कि केन्द्रीय बजट में रिफॉर्म ओवर रेटॉरिक के मार्गदर्शक सिद्धांत के तहत सरकार ने देश की संभावनाओं को प्रदर्शन में बदलने के लिए तीन पवित्र कर्तव्य तय किए हैं : उत्पादकता और ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस बढ़ाकर आर्थिक विकास को तेज़ और टिकाऊ बनाना, जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना, उन्हें समृद्धि का मजबूत भागीदार बनाना, और सबका साथ, सबका विकास के विज़न को साकार करना ताकि हर क्षेत्र और समुदाय को अवसर मिले। 500 जलाशयों का इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट, महिला समूहों और एफपीओ लिंक, इन्क्लूसिव ग्रोथ बजट की विशेषता है। इससे भारत के कोस्टल क्षेत्रों के अलावा इनलैण्ड सेक्टर को भी बढ़ावा मिलेगा। यह कदम जल संसाधनों को आय के स्थायी स्त्रोत में बदलते हुए मछुआरों, महिला समूहों और छोटे उत्पादकों को संगठित बाजार से जोड़कर समावेशी विकास को जमीन पर लाएगा।

- सनराइज सेक्टर और क्रिटिकल मिनरल्स पर विशेष फोकस
- रोजगार सृजन और स्किल-स्केल-सस्टेनेबिलिटी पर निवेश

---

## आम बजट गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग को निराश करने वालाः रतिराम कोसमा

**दल्ली राजहरा।** केंद्र सरकार द्वारा आज पेश किया गया आम बजट आंकड़ों के मायाजाल और खोखले जुमलों की पोटली मात्र है। यह बजट देश के करोड़ों गरीबों, किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरने में विफल रहा है। कांग्रेस पार्टी इस बजट को सिरे से खारिज करती है। उक्त बातें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा की ओर से बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता रतिराम कोसमा ने कही। उन्होंने कहा कि इस बजट में न तो बेरोजगारी से निपटने की कोई ठोस योजना है और न ही बेलगाम महंगाई से आम जनता को राहत देने का कोई स्पष्ट रोडमैप।

### युवाओं के लिए 'रोजगार' शब्द तक नहीं

रतिराम कोसमा ने कहा कि सरकार ने एक बार फिर देश के करोड़ों शिक्षित बेरोजगार युवाओं को उनके हाल पर छोड़ दिया है। बजट में न तो सरकारी रिक्त पदों को भरने की कोई ठोस घोषणा की गई है और न ही नए रोजगार सृजन के लिए कोई विशेष पैकेज रखा गया है। स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रम केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं।

### किसान और कृषि क्षेत्र की घोर अनदेखी

उन्होंने कहा कि किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देने और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने के बजाय सरकार ने कृषि बजट में कटौती कर दी है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा अब एक कड़वा मज़ाक बनकर रह गया है। यह बजट किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।



### मध्यम वर्ग को मिला सिर्फ 'अंगूठा'

कांग्रेस नेता ने कहा कि आयकर स्लैब में मामूली फेरबदल कर मध्यम वर्ग को गुमराह करने की कोशिश की गई है, जबकि अप्रत्यक्ष करों और लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। यह बजट मध्यम वर्ग की समस्याओं के प्रति सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य पर निराशा

रतिराम कोसमा ने कहा कि सरकार एक ओर 'विकसित भारत' का सपना दिखा रही है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों के बजट में कोई ठोस बढ़ोतरी नहीं की गई है। इससे स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकताओं में आम जनता नहीं, बल्कि चुनिंदा बड़े पूंजीपति हैं। अंत में उन्होंने कहा कि यह बजट "अमृत काल" का नहीं, बल्कि "मित्र काल" का बजट प्रतीत होता है, जिसमें केवल सरकार के चहेते उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की व्यवस्था की गई है।

---

## भाजपाइयों ने केन्द्रीय बजट का सीधा प्रसारण देखा बजट को गरीबों व मध्यमवर्ग के हित में बताया

**डौंडीलोहारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 का सीधा प्रसारण डौंडी लोहारा के वार्ड क्रमांक 03 स्थित लक्ष्मी छाया निवास में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने टीवी के माध्यम से देखा व सुना। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत इस बजट का लाइव प्रसारण बड़े उत्साह और ध्यानपूर्वक सुना गया। कार्यक्रम राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा डौंडीलोहारा मंडल के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए देवेंद्र जायसवाल ने इसे दूरदर्शी और जनकल्याणकारी बताते हुए कहा कि यह बजट गरीब, पिछड़े वर्ग और मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक मजबूती को सशक्त करेगा। मंडल महामंत्री दुष्यंत गिरी ने कहा कि बजट में छत्तीसगढ़ को खनिज कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की योजना राज्य के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एकलव्य महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा ने शुगर व हृदय रोगियों की दवाइयों में राहत को आमजन के लिए राहतकारी बताया। मंडल उपाध्यक्ष संदीप जैन ने बजट को विकासोन्मुखी बताते हुए इसकी व्यापक सराहना की, वहीं मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद ने इलेक्ट्रॉनिक सामानों तथा सोलर एनर्जी बैटरियों के सस्ते होने को आम उपभोक्ताओं के लिए सुविधाजनक और उपयोगी बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा सदस्य दिलीप बाफना, पूर्व सांसद प्रतिनिधि धीरेंद्र टाक, जीराखन कौमार्य, धीरज जैन, रवि जैन, युवा नेता नमो लोढ़ा, युवा मोर्चा अध्यक्ष डोमेन्द्र देशमुख, मीडिया प्रभारी प्रीतम साहू, अलख सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक संदीप लोढ़ा एवं सह संयोजक रवि लोढ़ा के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर एकलव्य महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा, भुवन यादव, सिद्धार्थ जायसवाल सहित अनेक वरिष्ठ नागरिक व गणमान्यजन मौजूद रहे। सभी उपस्थित जनों ने बजट को राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में सार्थक कदम बताते हुए केंद्र सरकार के इस प्रयास की सराहना की।



---

## सिकोसा वितरण केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, उत्कृष्ट उपभोक्ता हुए सम्मानित

**बालोद/सिकोसा।** छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग की रजत जयंती समारोह सिकोसा वितरण केन्द्र विद्युत विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर ऊर्जा संरक्षण और विद्युत सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए विविध आयोजन हुआ।



छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल की राज्य सरकार द्वारा जारी विभिन्न लाभकारी जनहितकारी योजनाओं को विस्तार से अतिथियों द्वारा साझा किया गया। मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही नीतीश मोंटी यादव थे। अध्यक्षता सेवा निवृत्त लाइन इंस्पेक्टर शोभा राम पटेल ने किया। विशेष अतिथि जनपद सदस्य गुण्डरदेही आशिफ गहलोत, सरपंच गण सरोज बाला बंजारे, लाकेश कुमार ऊइके, देवेश्वरी देवेंद्र साहू, महेश महिलवार, नरेंद्र साहू, चंद्रिका चंद्राकार, हेमंत चंद्राकर, अमन चंद्राकर, वितरण केन्द्र सिकोसा कनिष्ठ अभियंता लालिमा साहू, कार्यालय सहायक ईश्वर सिंह ठाकुर, निशांत इलमकर, लोकेश राजू यादव, तकनीशियन नेमचंद्र रावते, लाइन मेन नारायण नेताम, युधिष्ठिर भारद्वाज, टोपेश, योगेश साहू, निर्मल, मंच संचालक वेद प्रकाश साहू के द्वारा किया गया।

इस दौरान घरेलू, बीपीएल, सौर ऊर्जा, कृषि पंप, आदि श्रेणी का उत्कृष्ट उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

---

## आरपीएफ महानिदेशक ने दुर्ग रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- सीसी कैमरा और सुरक्षा की ली जानकारी

आरपीएफ महानिदेशक सोनाली मिश्रा दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंची। रेलवे स्टेशन का उन्होंने निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान दुर्ग रेंज के आईजी अभिषेक शांडिल्य और दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल भी मौजूद थे। दुर्ग रेलवे स्टेशन स्थित वीआईपी लाउंज में महानिदेशक सोनाली मिश्रा ने अधिकारियों के साथ रेलवे सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक की। जिसमें रेल यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे संपत्ति की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, महिला और बच्चों की सुरक्षा, मानव तस्करी की रोकथाम और संगठित अपराधों पर नियंत्रण जैसे विषयों पर चर्चा किया। रेलवे सुरक्षा बल, शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर समन्वय को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक के बाद महानिदेशक ने सीनियर अधिकारियों के साथ दुर्ग रेलवे स्टेशन परिसर और आरपीएफ पोस्ट दुर्ग का निरीक्षण किया।

---

## पांच साल से टैक्स जमा नहीं करने वाले 174 लोगों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने ऐसे बकायादारों की सूची तैयार कराई है जो लंबे समय से टैक्स जमा करने में कोताही बरत रहे है। बकायादारों के घर पर लगे नल कनेक्शन को पहले विच्छेद किया जाएगा। बाद में बकाया टैक्स की राशि वसूल करने कुर्की की जाएगी।  कई लोग ऐसे है जो लंबे समय से टैक्स जमा करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। निगम से वे सारी सुविधाएं भी ले रहे। ऐसे लोगो की संख्या पहली सूची में 19 है। टैक्स जमा करने धारा 173 के तहत नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के बाद भी टैक्स जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन अलग करने की कार्यवाही की जाएगी। राशि जमा नहीं करने पर 174 की नोटिस देकर कुर्की कार्यवाही की जाएगी।

**इन्हें बकायादारों को मोहलतः** मांगरी देवी आजाद मार्केट को 151689 रूपए जमा करने नोटिस थमाया है। इसी तरह बुनिया देवी आजाद मार्केट को 813713 व 2221740, प्रदीप मैत्री नगर को 191548, अखिलेश यादव मैत्री नगर को 130328, शमीम अहमद मैत्री नगर 150497, नवीन सिंह मैत्री नगर को 138078, ओम प्रकाश वर्मा वैभव ट्रेडर्स को 375959, राम ध्रुव विश्वकर्मा स्टेशन मरोदा को 1648681, ओंकार कश्यप स्टेशन मरोदा को 364332, आजाद स्कूल स्टेशन मरोदा को 809353, नवीन सिंह मधुरिशा रेस्टोरेंट को 444939, शेख अहमद को 61211, आर्यावर्त को 827914, सविता गणवीर को 106055, आशीष देशमुख को 76499, वीणा विद्या निकेतन 249142, मोतीलाल ब्रदर्स 113956, उत्तम वर्मा को 57511 रुपए जमा करने 7 दिन को मोहलत दी गई है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युवक से दो लोगों ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** मिठाई के डिब्बे को फेकने से मना करने पर दो युवको ने मिठाई बेच रहे युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने दो से अधिक युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 15 शांतिनगर गुरूर निवासी अलेश पटेल ने पुलिस को बताया कि 27 जनवरी को ग्राम दर्रा का मंडाई कार्यक्रम था मेरा पडोसी रमेश कुमार साहू मिठाई का दुकान मंडाई में लगाया था, मै मिठाई दुकान में काम कर रहा था तभी रात्रि करीबन 11 बजे ग्राम दर्रा के तामेश्वकर साहू, राहूल गोंड इनके एक अन्य साथी सभी शराब के नशे में मिठाई लेते समय मिठाई के डिब्बा को सड़क में फेंक दिया, मेरे द्वारा मना करने पर तीनों मिलकर मुझे गाली गलौच देते हुए हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट किये है। मारपीट से मेरे बांये आंख के नीचे एवं पूरा शरीर में चोंट आकर दर्द हो रहा है।

### युवक की पिटाई की, चार आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बालोद।** घर के सामने गाली देने से मना करने पर चार लोगो ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम दियाबाती निवासी धनसाय साहू ने पुलिस को बताया कि गांव के बंसत साहू के साथ दियाबाती के पुराना तालाब मोड तिराहा के पास दर्रा की ओर से आ रहे मोटर सायकल सवार यशवंत यादव जो नशे के हालत मे गाली गालौज कर रहे थे, जिसे गाली गालौज करने से मना किया, उसके बाद मै बसंत साहू के साथ अपने घर आ गया। शाम करीबन 06:30 बजे यशवंत यादव अपने साथी मिथलेश यादव, तिरथ यादव तथा राहुल ठाकुर के साथ मेरे घर के पास आकर गाली गालौज कर रहे थे, जिसे मेरे द्वारा पुनः मना करने पर सबने मिलकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे एवं तिरथ यादव द्वारा कच्चे ईट से मेरे सिर पर मारा है, मारपीट से मेरे सिर, गला ,दोनो हाथ के हथेली एवं दोनो पैर मे चोंट आया है दर्द हो रहा है।

### भारी वाहन की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** कार को माजदा ने ठोकर मार दिया। जिसके बाद पीड़ित का चालक युवक ने माजदा चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बडे डोंगर जिला कोंडागॉव निवासी पूरन लाल बनपेला ने पुलिस को बताया कि 28 जनवरी को अपने कार क्रमांक सीजी 04 एम. डब्लू. 2795 से अपने पैतृक ग्राम देवरी द थाना अर्जुन्दा मे मेरे बडा भाई तोरण लाल बनपेला के साथ धान बिक्री का पैसा देने के लिए आया थे, जो काम होने के बाद हम दोनो भाई वापस बडे डोंगर जाने के लिए अर्जुन्दा होते हुए जा रहा थे, वाहन को मैं स्वयं चला रहा था, मेरे वाहन के आगे जा रहे चार पहिया वाहन क्र. सी.जी. 04 एचएक्स. 9045 के चालक ने सुरक्षा संकेत दिये बगैर दाहिने दिशा मे अचानक मोड देने से मेरे वाहन क्रमांक सीजी 04 एम. डब्लू. 2795 आई 20 टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से मेरा वाहन सामने का बाया तरफ क्षतिगस्त हो गया।

## संगोष्ठी: भारतीय ज्ञान परंपरा और विज्ञान-वेदा संवाद पर प्रेरणास्पद आयोजन हुआ

# शैलदेवी महाविद्यालय में 3 दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा




शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा द्वारा 29 से 31 जनवरी तक "भारतीय ज्ञान परंपराः विज्ञान और वेदान्त का संवाद" विषय पर त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का अत्यंत गरिमामय, वैचारिक एवं ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। प्रथम दिवसः संगोष्ठी विषय की पृष्ठभूमि को स्पष्ट करते हुए विद्वान वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के अंतर्संबंध पर व्यापक विमर्श प्रस्तुत किया।

- मुख्य अतिथि डॉ. भूपेंद्र कुलदीप का उद्घाटन भाषण
- मुख्य अतिथि और वक्ताओं का प्रतीक चिन्ह से सम्मान

मुख्य अतिथि डॉ. भूपेंद्र कुलदीप, कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ने मां शारदा को नमन करते हुए कहा कि यह संगोष्ठी विज्ञान और वेदान्त के मध्य सेतु स्थापित करने का दुर्लभ अवसर है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के संदर्भ में कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली प्राचीन वैदिक ज्ञान, श्रुति–स्मृति, इतिहास, पुराण एवं गुरुकुल परंपरा से कटती जा रही है, जिसके कारण नई पीढ़ी अपने मूल से विमुख हो रही है। वैदिक गणित, ज्यामिति, भौतिकी, रसायन, आयुर्वेद, शल्य चिकित्सा, विमान शास्त्र जैसे विषयों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करना आज की आवश्यकता है। अतिथि संयोजक एवम् मुख्य वक्ता डॉ. संदीप अवस्थी ने प्रथम व द्वितीय दिवस संगोष्ठी के दौरान अपने शोध परक, तथ्यात्मक एवं वैचारिक वक्तव्यों से विषय की प्रासंगिकता को और अधिक सुदृढ़ किया तथा सभी सत्रों का कुशल संचालन करते हुए सनातन चेतना, भक्ति विज्ञान और जीवन दर्शन को रेखांकित किया।

विशेष आमंत्रित वक्ता डॉ. अंजलि अवधिया, प्राचार्य, शासकीय कमलादेवी राठी महाविद्यालय, राजनांदगांव ने "भारतीय ज्ञान परंपराः विज्ञान और वेदान्त का संवाद" विषय पर क्वांटम फिजिक्स के संदर्भ में षड्दर्शन की व्याख्या करते हुए कहा कि क्वांटम भौतिकी प्रकृति को समझने का आधुनिक माध्यम है, जबकि भारतीय दर्शन उसी सत्य को अनुभव के स्तर पर प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि पीढ़ी दर पीढ़ी प्राप्त ज्ञान ही परंपरा है और आत्मबल से ही समस्त बल उत्पन्न होती हैं। भारत को समझने के लिए भारतीय दर्शन और ज्ञान परंपरा को समझना अनिवार्य है।

द्वितीय दिवस : शास्त्रसम्मत समाधान और शिक्षा पर पुनर्मूल्यांकन पर आधारित रहा जिसमें प्रथम एवं द्वितीय दोनों सत्र में पूज्य शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी में कहा कि सनातन धर्म और भारतीय ज्ञान परंपरा अद्वितीय है। उन्होंने ज्ञान–विज्ञान, परंपरा, शिक्षा, संस्कार, ब्रह्म तत्व, जीव–ईश्वर संबंध जैसे गूढ़ विषयों पर उपस्थित जनसमुदाय के प्रश्नों के शास्त्रसम्मत समाधान प्रस्तुत किए। महाराज श्री के परम शिष्य श्री ऋषिकेश ब्रह्मचारी जी ने लॉर्ड मैकाले द्वारा लागू शिक्षा पद्धति की आलोचना करते हुए कहा कि यह भारतीयता के लिए घातक सिद्ध हो रही है। भारत को पुनः भारत बनाने के लिए प्राचीन शास्त्रसम्मत शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित करना अनिवार्य है।

विशिष्ट वक्ता प्रो. अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी, कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली विश्व की सबसे प्राचीन, वैज्ञानिक और मूल्याधारित प्रणाली रही है। यदि आधुनिक शिक्षा में प्राचीन ज्ञान परंपरा और संस्कारों का समन्वय किया जाए, तो भारत पुनः विश्व गुरु बन सकता है।

समापन दिवस का शुभारंभ छत्तीसगढ़ की लोक–संस्कृति पर आधारित 'जय जोहार' नृत्य से हुआ। पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज ने वाराणसी के महत्व, भक्ति विज्ञान, ब्रह्म के भेद, गीता प्रमाण, भोजन विज्ञान, तीर्थ महत्व, मोक्ष के उपाय, पंचमहाभूत, दान धर्म एवं युवाओं के चरित्र निर्माण पर अत्यंत व्यापक और शास्त्रीय विवेचन प्रस्तुत करते हुए और सभा में उपस्थित विद्यार्थियों, शोधार्थियों और जन समुदाय द्वारा प्रस्तुत शंकाओं का सारगर्भित और शास्त्र सम्मत समाधान प्रदान किए। ऋषिकेश ब्रह्मचारी जी महाराज ने पंचतत्व, पंचमहाभूत, चारों वाणियों, गुरु–शिष्य परंपरा और ब्रह्म स्वरूप को वैदिक प्रमाणों सहित स्पष्ट किया।

डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, गणित, शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव ने कहा कि तार्किक चिंतन और व्यवहारिक ज्ञान से मानव जीवन के अनेक सूत्र सुलझते हैं। प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने वेदों में वर्णित गणितीय एवं वैज्ञानिक सूत्रों को आधुनिक विज्ञान से जोड़ते हुए सरल ढंग से प्रस्तुत करते हुए वेदों में वर्णित गणित, आयुर्वेद, वनस्पति विज्ञान एवं धातु शास्त्र की वैज्ञानिकता को रेखांकित किया। संगोष्ठी में होलेश्वर देशमुख, डॉ. मंजू साहू, जयति साहू, श्यामसुंदर पटनायक, रश्मि ताम्रकार सहित अनेक शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। राजन कुमार दुबे चेयरमैन शैलदेवी महाविद्यालय द्वारा मुख्य अतिथि व आमंत्रित वक्ताओं को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस प्रकार यह त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनर्जागरण, विज्ञान–वेदान्त संवाद और सांस्कृतिक चेतना के दृष्टिकोण से अत्यंत प्रेरणास्पद, विचारोत्तेजक एवं ऐतिहासिक सिद्ध हुआ।

# छाया विधायक जसवंत के हस्तक्षेप से ग्राम गोरकापार में मिली किसानों को बिजली सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम गोरकापार में किसानों को बीते तीन वर्षों से बिजली लाइन व खंभों की अत्यंत आवश्यकता थी। छाया विधायक जसवंत सिन्हा के हस्तक्षेप के बाद ग्राम गोरकापार में तत्काल बिजली के खंभे स्थापित किए गए तथा बिजली लाइन की सुविधा प्रारंभ हुई।

ग्राम गोरकापार में किसान बिजली की सुविधा न होने के कारण किसान खेती–किसानी जैसे अपने मूल कार्य से वंचित हो रहे थे। गांव वाले कई बार संबंधित विभाग एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बावजूद भी किसानों की समस्या पर कोई ठोस पहल नहीं हुई। ऐसे कठिन समय में जब किसान अपनी व्यथा लेकर आप के छाया विधायक जसवंत सिन्हा के पास पहुंचकर अपनी पीड़ा बताई तो उन्होंने पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ मामले को संज्ञान मे लेकर उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियो से बात कर किसानों के अधिकार और हित के लिए मजबूती से बात रखी।

परिणाम स्वरूप ग्राम गोरकापार में तत्काल बिजली के खंभे स्थापित किए गए तथा बिजली लाइन की सुविधा प्रारंभ हुई। इससे किसानों को बड़ी राहत मिली और खेती–किसानी का कार्य पुनः सुचारु रूप से संभव हो पाया। किसान चुरामन लाल साहू, भूषण ठाकुर, मोती लाल साहू, चंपा लाल साहू, कामता व अन्य किसान ने जसवंत सिन्हा का आभार माना।

### मां चंडी मंदिर सेवा समिति कंवर के नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन

**गुरूर।** ग्राम कंवर मां चंडी मंदिर प्रांगण में मां चंडी मंदिर सेवा समिति कंवर के नए पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव प्रक्रिया सरपंच बालचंद टंडन, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष घनाराम साहू एवं पुरोहित टुकेश्वर पाण्डेय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष बीआर.साहू, संरक्षक जीएल सोनी, नेमसिंह पटेल, रामा राम निर्मलकर, उपाध्यक्ष गजेन्द्र साहू, कृष्ण कुमार साहू, एनएस कौशिक, सीता साहू, कोषाध्यक्ष सीएल मोरार, सचिव योगेंद्र पटेल, सह सचिव ईश्वर लाल साहू, अंकेक्षक एचके रात्रे उपस्थित थे।

# कुथरेल में श्री सीता-राम विवाह उत्सव एवं शोभायात्रा के साथ कथा का हुआ भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुथरेल श्री राम मंदिर उद्घाटन महोत्सव के अंतर्गत विश्व शांति सेवा धाम के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय श्री राम कीर्तन एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण महोत्सव का रविवार को भावपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। अंतिम दिवस पर श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत श्री सीता–राम विवाह उत्सव, कथा विराम एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

कथा वाचन के दौरान छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथावाचक परम श्रद्धेय श्री कामता प्रसाद शरण जी महाराज (कुड़ेरादादर, गरियाबंद) ने श्री राम–सीता विवाह प्रसंग का अत्यंत भावुक एवं प्रेरणादायक वर्णन किया। कथा सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे और पूरा पंडाल "जय श्री राम" के जयघोष से गूंज उठा।

आज के कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। विवाह उत्सव के उपरांत नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें राम–सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। भजन–कीर्तन और भक्तिमय गीतों के साथ शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर संपन्न हुई।

कार्यक्रम के अंत में कथा विराम की घोषणा की गई तथा सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम उपस्थित क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, जनपद पंचायत दुर्ग सभापति लोमश चन्द्राकर, सरपंच गीता जगपाल, सचिव नेवेन्द यादव सहित आस पास के ग्रामीण जन उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में विश्व शांति सेवा धाम समिति एवं समस्त ग्रामवासी कुथरेल का विशेष योगदान रहा।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत फागुनदाह स्कूल में जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फागुनदाह के रेडक्रास के विद्याथएँ, प्राचार्य एलएस रावते, रेडक्रास काउंसलर योगेंद्र पटेल, व्याख्याता जितेंद्र शर्मा, व्याख्याता कौशल ठाकुर एवं व्याख्याता रूपेंद्र गुरुपंच ने रेडक्रास के विद्यार्थी के साथ मोटर साइकिल वालो को हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने एवं नशापान न करने की सलाह दिया और कार चालको को शीट बेल्ट बांध कर एवं भीड़ वाले स्थान पर गति को नियंत्रण में रख कर गाड़ी चलाने की सलाह दिया गया। इसमें संस्था के व्याख्याता एमके सिन्हा, डीके साहू, एसजी गंगबेर, जीपी बारले, टीआर पटेल, एच एल धुरव, एनके साहू, कमलवंशी, मनीषा एवं आकांक्षा सम्मिलित हुए।

# धनोरा में श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में परम वंदनिया माताजी के जन्म शताब्दी 2026 एवं अखंड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने पर गायत्री परिवार हीरक मंडल धोबनपुरी के अंतर्गत ग्राम धनोरा में श्रीमद्प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

- बाल संस्कार और गुरु के महत्व पर दिया गया जोर

इस दौरान दो पुंसवन संस्कार, 24 विद्या आरंभ संस्कार, 24 दीक्षा संस्कार एवं 2 मुंडन संस्कार सहित विभिन्न संस्कार संपन्न कराए गए। जिसके कथा वाचक प्रज्ञा पुत्र भोलेश्वर खेमलाल टिकेश ने कथा का वाचन किया भोलेश्वर ने कहा कि हमें कथा सुनने के लिए मन लगाकर आना चाहिए, ना हमें मजबूरी में आना चाहिए, ना मजदूरी में आना चाहिए, हमें कथा सुनने के लिए भक्ति से आना चाहिए। उन्होने अपने बच्चों को बाल संस्कार मे भेजने की सलाह दी।

कार्यक्रम में सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर एवं पूर्व सदस्य जनपद पंचायत गुरुर रुखमती गंजीर, समन्वयक गायत्री परिवार बालोद बीएस अठनागर, निधि टुवानी उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा कि हमें अपने जीवन में कोई ना कोई गुरु अवश्य बनाना चाहिए, तब हमारा मुक्ति संभव है, गायत्री मंत्र में बहुत बड़ी शक्ति है, जो व्यक्ति गायत्री मंत्र का जाप करता है, वह व्यक्ति जीवन में बहुत आगे बढ़ता है, उन्होने सभी माता और बहनों से निवेदन किया कि अपने–अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार दे और उनके भविष्य बनाएं और हमेशा यज्ञ कार्यक्रम में भाग ले।

इस अवसर पर समन्वयक गायत्री शक्तिपीठ गुरुर धनसिंग गंजीर, हीरक मंडल धोबनपुरी हरिराम साहू, नरेंद्र कुमार साहू, जगमोहन साहू, नामदेव साहू, दाऊलाल गंजीर, हितेंद्र गंजीर, अली राम बढई, यशवंत साहू, चुन्नू राम साहू, परमानंद, अनिल गंजीर, भागवत, समय लाल एवं हीरक मंडल धोबनपुरी के समस्त गायत्री परिजन एवं ग्राम धनोरा के वरिष्ठ जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नामदेव साहू ने किया। कार्यक्रम का आभार समन्वयक हीरक मंडल धोबनपुरी हरिराम साहू ने किया।



### बालविहार पब्लिक स्कूल पुरूर में बसंतोत्सव एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन

**गुरूर।** बालविहार पब्लिक स्कूल पुरूर में बसंतोत्सव एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनीता संजय साहू सम्मिलित हुई। जहां कार्यक्रम में पूर्व सरपंच सुकृति यादव, पूर्व सरपंच शशीकला साहू, नागेन्द्र, पीओ, प्राचार्य देवांगन सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



### सट्टापट्टी के साथ गिरफ्तार

**भिलाई।** सट्टा पट्टी लिखते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि पाटन पुलिस के पेट्रोलिंग के दौरान वार्ड 9 पाटन में सट्टा लिखने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और पाटन निवासी वीरेन्द्र देवांगन को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने मोबाइल, नगदी 10 हजार 90 रुपए, सट्टा पट्टी से जुड़े कागजात जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## तांदुला नदी में लगाई आस्था की डुबकी

# माघ पूर्णिमा पर गौरैया धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़





जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरैया धाम में माघ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने तांदुला नदी में पवित्र डुबकी लगाई। रविवार को सुबह स्नान कर देवी देवताओं के दर्शन किए, दान दक्षिणा भी दिए। मेले में घूम-घूम कर जमकर खरीदारी भी की। रविवार को आयोजित विशाल मेला में लाखों लोग पहुंचे।

आसपास के कई गांवो में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। गौरैया मेला का आयोजन 30, 31 जनवरी व 1 फरवरी को पैरी, चौरेल और मोहलई के संगम स्थल पर आयोजित हुआ। 31 जनवरी की रात्रि यहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। वहीं सुबह श्रद्धालुओं ने स्नान किया और मंदिरों में पहुंचकर देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। कई धार्मिक आयोजन मेले के अवसर पर पैरी पार में गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ। इसमें आहुति डालने काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इसी तरह गुरु घासीदास मंदिर प्रबंध समिति के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। यहां समाज की प्रतिभाओं सहित अन्य लोगों को भी विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। गौरैया न्यास श्री सिद्ध शक्तिपीठ के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पंडवानी ने लोगों को बांधे रखा विधायक कुंवर निषाद क्रो ट्रस्ट के अध्यक्ष व सदस्यों ने प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा मोहलई घाट स्थित संत कबीर घाट में भी चौका आरती के अलावा दिनभर भोजन भंडारा चलता रहा। यहां पर तीन दिनों तक काफी संख्या में लोगों ने भंडारा में भोजन प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। यहां कार्यक्रम में विधायक कुंवर सिंह निषाद पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, डॉक्टर दयाराम साहू टोमन साहू, टीकाराम साहू आदि विशेष रूप से पहुंचे थे। महात्मा लेखचंद साहेब का प्रवचन भी हुआ।



23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411